 Roll No. ....

MAHL-201

कथा साहित्य

M.A. Hindi (MAHL-12/16/17)

Second Year Examination, 2019 (June)

Time : 3 Hours] **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्नपत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों क, ख तथा ग में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (2×19=38)

1. भारतेन्दु युग के गद्य की मुख्य विशेषताएँ लिखिए।

2. आधुनिक हिन्दी कहानी के विकास में प्रेमचन्द के योगदान का मूल्यांकन कीजिए।

3. मनोवैज्ञानिक उपन्यास की मुख्य प्रवृत्तियों के संदर्भ में जैनेन्द्र के किसी एक (01) उपन्यास की समीक्षा लिखिए।

4. कहानी की परिभाषा बताते हुए उसके मुख्य तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।

खण्ड-ख

(लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (4×8=32)

1. 'उसने कहा था' कहानी के लहना सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए।

2. 'सुहागिनी' कहानी की प्रासंगिकता पर अपने विचार लिखिए।

3. 'बड़े भाई साहब' कहानी के कथ्य की समीक्षा कीजिए।

4. 'त्यागपत्र' उपन्यास की मुख्य विशेषताएँ लिखिए।

5. प्रेमचन्द युगीन किन्हीं दो कहानीकारों का परिचय दीजिए।

6. 'त्यागपत्र' उपन्यास की भाषा एवं शिल्प पर अपने विचार लिखिए।

7. 'सुहागिनी' कहानी के किसी एक पात्र का परिचय दीजिए।

8. हिन्दी खड़ी बोली और उर्दू की महत्ता पर प्रकाश डालिए।

खण्ड-ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) तथ्यनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (10×1=10)

सही उत्तर चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

1. 'भारत दुर्दशा' भारतेन्दु का .... नाटक है।

   (अ) मौलिक।

   (ब) अनूदित।

   (स) सम्पादित।

2. 'क्या हिन्दी नाम की कोई भाषा ही नहीं' यह लेख .... में छपा था।

   (अ) सरस्वती।

   (ब) कविवचन सुधा।

   (स) हंस।

3. 'हार की जीत' कहानी के लेखक .... हैं।

(अ) प्रेमचन्द।

(ब) जयशंकर प्रसाद।

(स) सुदर्शन।

4. 'निर्मला' उपन्यास के लेखक .... हैं।

(अ) राजेन्द्र यादव।

(ब) अमृतलाल नागर।

(स) प्रेमचन्द।

5. 'पुरस्कार' कहानी के लेखक हैं ....।

(अ) काशीनाथ सिंह।

(ब) उपेन्द्रनाथ अश्क।

(स) जयशंकर प्रसाद।

6. 'दुलाई वाली' कहानी किसने लिखी है?

7. मृणाल किस उपन्यास की पात्र है?

8. शैलेश मटियानी किस दौर के कहानीकार हैं?

9. फ्रेडरिक पिंकाट किस युग के लेखक हैं?

10. 'कविता क्या है' निबंध के लेखक का नाम लिखिए।